# निदेशालय समाज कल्याण, उत्तराखण्ड,

मानपुर पूरब, रामपुर रोड, हल्द्वानी–नैनीताल
email- actionplanuk@gmail.com website-www.socialwelfare.uk.gov.in Phone no-05946-297051

पत्र संख्या–3347/स0क0/ई–निविदा/2020–21 दिनांक 01 मार्च 2021

## ई–निविदा सूचना

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए उत्तराखण्ड राज्य कार्ययोजना (SAPSrC) हेतु अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रण**

केन्द्र प्रायोजित National Action plan for Welfare of Senior Citizens (NAPSrC) योजना के तहत State Action plan for Welfare of Senior Citizens (SAPSrC) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य देखभाल एवं पोषण, आश्रय तथा कल्याण, सामाजिक एवं वित्तीय संरक्षण एवं सुरक्षा तथा वरिष्ठ नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार के दृष्टिगत योजनाओं/कार्यक्रमों के कार्यान्वयन हेतु वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वयं सहायता समूह (SHG) की स्थापना, मोबाइल मेडिकेयर यूनिट, फिजियोथैरेपी क्लीनिक, मल्टी सर्विस सेंटर/डे–केयर सेन्टर एवं प्रशिक्षित जैरियाट्रिक चिकित्सा देखभालकर्ताओं के पूल का निर्माण, इन पॉच कार्यक्रमों हेतु भारत सरकार द्वारा निर्गत मार्गदर्शी नियमों के परिशिष्ठ–2 के बिन्दु संख्या–IV के अनुसार पंजीकृत संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों, पंचायत राज संस्थाओं व इस विवरण में दर्शित अन्य संस्थाओं से उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति (प्रोक्योरमेंट) नियमावली 2017 एवं समय समय पर संशोधित नियमों में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत www.uktenders.gov.in पर एकल निविदा प्रणाली (तकनीकी) में ई–टेण्डर के माध्यम से दिनांक 26.02.2021 तक अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की गयी थी।

अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा प्रक्रिया को निरस्त करते हुए वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु उत्तराखण्ड राज्य कार्ययोजना के कार्यान्वयन हेतु निर्धारित शर्तो के आधार पर पुनः www.uktenders.gov.in पर एकल निविदा प्रणाली (तकनीकी) में ई–टेण्डर के माध्यम से दिनांक 09.03.2021 तक अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती हैं।

**ई–निविदा समय सारिणी**

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 02.03.2021 समय पूर्वाह्न 11.00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/विक्रय की तिथि व समय | 02.03.2021 समय पूर्वाह्न 11.10 बजे |
| निदेशालय समाज कल्याण, उत्तराखण्ड, हल्द्वानी–नैनीताल में आयोजित निविदा पूर्व बैठक की तिथि व समय | 05.03.2021 समय अपराह्न 2.00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि व समय | 02.03.2021 समय पूर्वाह्न 11.30 बजे से |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय | 09.03.2021 समय अपराह्न 5.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 10.03.2021 समय पूर्वाह्न 11.30 बजे |

निविदा से सम्बंधित समस्त प्रपत्र/जानकारी/शर्तो का विवरण Website www.uktenders.gov.in पर डाउनलोड/प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180/–GST सहित (जो रिफण्ड नहीं होगा) तथा रू0 2.00 लाख की धरोहर राशि निविदा प्रपत्र में दिये गये विवरण के अनुसार विभागीय खाते में Online माध्यम से जमा कराया जाना आवश्यक है। अपरिहार्य स्थिति में बिना कारण बताये किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने तथा निविदा की पूर्ण प्रक्रिया को निरस्त करने का अधिकार निदेशक, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

मुख्य वित्त नियंत्रक,
समाज कल्याण, उत्तराखण्ड।

---

प्रकाशनार्थ नहीं:–
पृष्ठांकन संख्या– 3347 /स0क0/(SAPSrC) /2020–21 तद्दिनांक
प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, समाज कल्याण, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2– विज्ञापन व्यवस्थापक, अमर उजाला एवं राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र, हल्द्वानी नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय दरों पर प्रकाशित कराते हुए भुगतान हेतु बिल प्रकाशित सूचना की प्रति सहित जिला सूचना अधिकारी, नैनीताल से दरें सत्यापित कराते हुए निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3– निविदा समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यों को सूचनार्थ एवं इस निर्देश के साथ कि उक्त आमंत्रित की गयी निविदाओं के सम्बंध में निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित रहकर नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा प्राप्त निविदाओं का परीक्षण करने के उपरान्त स्वीकृति हेतु संस्तुति/प्रस्ताव सहित पत्रावली अधोहस्ताक्षरी के सम्मुख प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि (SAPSrC) के कार्यान्वयन हेतु चयनित संस्था को कार्यादेश जारी किया जा सके।
4– श्री अभय कुलियाल, प्रभारी ई–प्रोक्योरमेंट सेल, कोषागार, हल्द्वानी–नैनीताल।
5– आहरण वितरण अधिकारी, मुख्यालय।
6– कार्यालय प्रति।

01/03/2021
मुख्य वित्त नियंत्रक

निदेशालय समाज कल्याण उत्तराखण्ड